Seventeenth Loksabha

>

Ttile: Need to make arrangements for purchase of moistured cotton from farmers in Adilabad Parliamentary Constituency.

श्री सोयम बापू राव (आदिलाबाद): अध्यक्ष जी, मैं आपका धन्यवाद करता हूं । मेरे आदिलाबाद क्षेत्र में 12 लाख हेक्टेयर में खेती होती है और उसमें से कॉटन 8 लाख 20 हजार हेक्टेयर में होती है । इस साल बारिश ज्यादा होने से कपास में माइश्चर ज्यादा हो गया । इस कारण से किसान से कपास खरीदी नहीं की जा रही है । मेरी सरकार से विनती है कि 18 से 20 परसेंट तक माइश्चर वाली कॉटन की खरीदी करे । इससे किसानों को बेनिफिट होगा । आदिलाबाद जिले में तीन डिस्ट्रिक्ट्स कुमरमभीम, आदिलाबाद और निर्मल हैं । इन जिलों में जनवरी तक फॉग बहुत गिरता है, इस वजह से कपास में माइश्चर बढ़ जाता है । मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि वह ज्यादा माइश्चर वाली कपास को भी लेने की कोशिश करें । यही मेरी मांग है । धन्यवाद ।